# वाक्-इन-इंटरव्यू

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ़ इंडिया, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त सोसाइटी,केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/पीएसयू/सांविधिक/स्वायत्त निकायों आदि से सेवा निवृत्त योग्य उम्मीदवारों, जो उप सचिव से नीचे के पद से न हों, को संविदा के आधार पर परामर्शदाता (वित्त) के पद के लिए 01.03.2021 को 11.00 बजे पूर्वाह्न् एसटीपीआई-मुख्यालय, ऑफिस ब्लॉक-1, प्लेट-बी,प्रथम तल, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 में आयोजित होने वाले वाक-इन-इंटरव्यू में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

विस्तृत नियम और शर्ते नीचे दिए अनुसार है:-

**पद की संख्या**:01

**कार्य का ब्यौरा**:

सीएजी लेखा परीक्षा,सांविधिक लेखा परीक्षा,बजट निर्माण, एसटीपीआई ईसीपीएफ़ ट्रस्ट के आयकर अपील संबंधी मामले, पेंशन संबंधी मामले, ग्रेच्यूटी संबंधी मामले,परियोजना वित्त समिति बैठकों संबंधी कार्य, सरकारी निकायों संबंधी बैठक आदि जैसे महत्वपूर्ण कार्य। इसके अतिरिक्त ईपीएफ़ओ के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के काफी दिनों से लंबित पेंशन संबंधी मामलों को देखना। साथ ही उपयोगिता प्रमाण पत्र की निगरानी और उसे एमईआईटीवाई को समय पर प्रस्तुत करना।

अनुबंध की अवधि: प्रारंभ में अनुबंध 01 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे पारस्परिक सहमति और एसटीपीआई द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार आगे बढाया जा सकता है।

## सामान्य नियम और शर्तें

1. नियुक्ति पूर्णतया अनुबंध के आधार पर होगी।
2. प्रारंभ में अनुबंध 01 वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे एसटीपीआई द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार आगे बढाया जा सकता है।
3. वेतन का भुगतान मासिक तौर पर,नियुक्ति के समय सहमत मासिक परिश्रमिकी के अनुसार किया जाएगा।
4. आयकर या कोई भी अन्य कर जो भी नियमानुसार लागू होगा ,वेतन का भुगतान करने से पूर्व वेतन में से कटा जाएगा ।
5. एसटीपीआई के लिए प्रदेय वस्तु या उत्पाद एवं एकत्रित आंकड़े बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आईपीआर) के तहत एसटीपीआई के होंगे। एसटीपीआई के लिए किसी भी व्यक्ति द्वारा इस कार्य के प्रयोजन से अथवा कार्यावधि के दौरान एकत्रित कोई भी आंकड़े या सांख्यिकी या कार्यवाही या सूचना का कोई भी भाग एसटीपीआई की लिखित सहमति के बिना किसी तृतीय पक्ष के साथ न तो उपयोग अथवा प्रकाशन अथवा प्रकट अथवा साझा किये जाएंगे।अनुबंधित व्यक्ति उसके अनुबंध की समाप्ति से पहले और एसटीपीआई द्वारा अंतिम भुगतान से पहले एसटीपीआई के सभी नियत कार्य से सम्बंधित दस्तावेज एसटीपीआई को सौंपने के लिए बाध्य होंगे।
6. एसटीपीआई द्वारा नियुक्त व्यक्ति, किसी भी मामले में, एसटीपीआई के विरुद्ध किसी भी व्यक्ति का न तो प्रतिधिनित्व करेगा,राय देगा अथवा उपकरण देगा।
7. नियुक्त किये जाने वाले परामर्शदाता को कार्यालय के समयानुसार सभी कार्यदिवसों पर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।
8. यदि आवश्यक समझता हो ,तो एसटीपीआई को इस विज्ञापन को निरस्त करने और इस विषय पर आगे न बढ़ाने, किसी भी चरण में किसी भी आवेदन या सभी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने, बिना किसी स्पष्टीकरण के किसी भी आवेदन को जांचने का पूर्ण अधिकार रखता है।
9. एसटीपीआई को स्पष्टीकरण या बिना किसी स्पष्टीकरण के समझौते/अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार है।
10. उम्मीदवारों का मुल्यांकन एक विधिवत गठित समिति द्वारा साक्षात्कार में उनकी योग्यता,अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।नियुक्ति,समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएगी।
11. उम्मीदवार का वेतन समिति की सिफारिश के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।
12. साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।
13. चयनित उम्मीदवार को साक्षात्कार का परिणाम पत्र/ईमेल और फ़ोन द्वारा बताया जाएगा।
14. वाक्-इन-इंटरव्यू 01.03.2021 को 11.00 बजे पूर्वाह्न् एसटीपीआई-मुख्यालय, ऑफिस ब्लॉक-1,प्लेट-बी,प्रथम तल, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 में आयोजित किया जाएगा।दस्तावेजों का सत्यापन पूर्वाह्न् 10.00 बजे से किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार साक्षात्कार में शामिल होने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे:
    (i) बायोडाटा और एक नवीनतम पासपोर्ट आकार के तस्वीर के साथ आवेदन।
    (ii) आयु, अर्हता, अनुभव आधार कार्ड आदि की स्व अभिप्रमाणित प्रतियाँ
    (iii) आधार कार्ड, पैन कार्ड.पीपीओ (यदि उपलब्ध हो) की स्व अभिप्रमाणित प्रतियाँ।

**(मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-सह-रजिस्ट्रार)**